# दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

**विषय: हिन्दी** **कक्षा : 9**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **पाठ/प्रकरणकानाम :** | सांवले सपनों की याद | **समयावधि :** | 40 मिनट |
| **विद्यार्थीकानाम :** | ------------------------------------- | **पूर्णांक :** | 20 |
| **अनुक्रमांक (रोलनं.) :** | .............. | **दिनांक :** | ....../....../ ......... |

**निर्देश:- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है | 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें |**
**3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें |**

| | | |
|---|---|---|
| | **(गद्यांश/काव्यांशआधारितबहुविकल्पीयप्रश्न)** | |
| | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए ।** | 5 |
| | सुनहरे परिंदों के खूबसूरत पंखों पर सवार सांवले सपनों का एक हुजूम मौत की खामोश वादियों की तरफ अग्रसर है \| कोई रोक-टोक सके ,कहाँ संभव है \|इस हुजूम में आगे आगे चल रहे हैं , सालिम अली \| अपने कन्धों पर , सैलानियों की तरह अपने अंतहीन सफ़र का बोझ उठाए \| लेकिन यह सफ़र पिछले तमाम सफ़रों से भिन्न है \| भीड़- भाड की जिंदगी और तनाव के माहौल से सालिम अली का यह आखिरी पलायन है \| अब तो वो उस वनपक्षी की तरह प्रकृति में विलीन हो रहे हैं , जो जिंदगी का आखिरी गीत गाने के बाद मौत की गोद में जा बसा हो \| कोई अपने जिस्म की हरारत और दिल की धड़कन देकर भी उसे लौटाना चाहे , तो वह पक्षी अपने सपनों के गीत दोबारा कैसे गा सकेगा\| | |
| **1.** | **इस गद्यांश के  लेखक कौन हैं ?**<br>1.जाकिर हुसैन 2. सालिम हुसैन 3. जाबिर हुसैन  4. जाकिर अली | 1 |
| | (क) 1 और 3 सही है | |
| | (ख) 3 और 4 सही है | |
| | (ग) केवल 3 सही है | |
| | (घ) उपर्युक्त सभी  सही है \| | |
| | | |
| **2.** | **पहली पंक्ति में “खामोशवादी” किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?** | 1 |
| | (क) सुंदर बगीचे के लिए | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) श्मशान घाट के लिए | |
| | (ग) उजड़ेबगीचे के लिए | |
| | (घ) सुनसान स्थान के लिए | |
| | | |
| 3. | **सालिम अली आगे-आगे किस रूप में चल रहे हैं?** | 1 |
| | (क) कन्धों पर बोझ उठाए | |
| | (ख) सैलानियों की तरह बोझ उठाए | |
| | (ग) अंतहीन सफ़र के यात्री की तरह | |
| | (घ) पार्थिव शरीर के रूप में | |
| | | |
| 4. | **इस सफ़र को "अंतहीन" सफ़र क्यों कहा गया है ?** | 1 |
| | (क) सफ़र बहुत लम्बा था \| | |
| | (ख) निधन के बाद कोई वापस नही आता | |
| | (ग) सफ़र के खत्म होने का कोई पता नही था | |
| | (घ) सारे विश्व की यात्रा थी | |
| | | |
| 5. | **सालिम अली को "वनपक्षी" क्यों कहा गया ?** | 1 |
| | (क ) पक्षियों से प्रेम के कारण | |
| | (ख) जंगल में घूमने के कारण | |
| | (ग) स्वतंत्र विचरण के कारण | |
| | (घ) वनपक्षी उन्हें पसंद करते थे | |
| | **( पाठ आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| 6. | **लेखक ने कहाँ का जिक्र करते हुए कृष्ण की बचपन की बातों को याद किया है ?** | 1 |
| | (क) यशोदाजी का (ख) वृन्दावन का | |
| | (ग) द्वारका का (घ) नंदजी का | |
| | | |
| 7. | **वृन्दावन की नदी का सांवला पानी किसकी याद दिलाता है ?** | 1 |
| | (क) माता की (ख)नन्दजी की | |
| | (ग) श्रीकृष्ण की (घ) कंस की | |
| | | |
| 8. | **वृन्दावन आज भी किससे खाली नहीं हुआ है ?** | 1 |

egyanarchive

| | | |
|---|---|---|
| | (क) श्रीकृष्ण की यादों से | |
| | (ख) वहां की चहल-पहल से | |
| | (ग) वहां की हरियाली से | |
| | (घ) श्रीकृष्ण की बांसुरी के जादू से | |
| | | |
| **9.** | **सालिम अली को किस रूप में याद किया जाता है ?** | 1 |
| | (क) पक्षी प्रेमी | |
| | (ख) अच्छे लेखक | |
| | (ग) एक अच्छे इंसान | |
| | (घ) उपर्युक्त सभी गलत है | |
| **10.** | **सालिम अली की पत्नी का क्या नाम था ?**<br>**1.तम्मना 2.तहमीना 3. ताहमिना 4. आयशा** | 1 |
| | (क) 1 और 2 सही है | |
| | (ख) केवल 2 सही है | |
| | (ग)3 और 4 सही है | |
| | (घ) उपर्युक्त सभी सही है | |
| | **(वर्णनात्मकप्रश्न)** | |
| **11.** | अन्य पक्षी प्रेमियों से सालिम अली का दृष्टिकोण भिन्न कैसे था ? | 2 |
| | उत्तर:- -----------------------------------------------------------------------<br>-----------------------------------------------------------------------<br>-----------------------------------------------------------------------<br>-----------------------------------------------------------------------<br>-----------------------------------------------------------------------<br>-----------------------------------------------------------------------<br>----------------------------------------------------------------------- | |
| **12.** | गौरैया वाली घटना का सालिम अली के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा ? | 2 |
| | उत्तर:- -----------------------------------------------------------------------<br>-----------------------------------------------------------------------<br>-----------------------------------------------------------------------<br>-----------------------------------------------------------------------<br>-----------------------------------------------------------------------<br>-----------------------------------------------------------------------<br>----------------------------------------------------------------------- | |

egyanarchive

| | | |
|---|---|---|
| **13.** | यमुना का सावंला पानी क्या याद दिलाता है ? | 2 |
| | उत्तर:- ------------------------------------------------------------ | |
| **14.** | वृन्दावन की गलियों में सूर्योदय के पूर्व कैसा दृश्य होता है ? | 2 |
| | उत्तर:- ------------------------------------------------------------ | |
| **15.** | सालिम अली पक्षियों को मनुष्य के समरूप क्यों नहीं देखने की सलाह देते थे ? | 2 |
| | उत्तर:- ------------------------------------------------------------ | |

egyanarchive

# उत्तरमाला

| प्रश्न | दक्षता/उद्देश्य | उत्तर | |
|---|---|---|---|
| | | (गद्यांश आधारित बहुविकल्पी प्रश्न) | |
| 1. | चिन्तनात्मक | उत्तर:- केवल 3 सही है | 1 |
| 2. | बोधात्मक | उत्तर:- श्मशान घाट के लिए | 1 |
| 3. | बोधात्मक | उत्तर:- पार्थिव शरीर के रूपमें | 1 |
| 4. | बोधात्मक | उत्तर:- निधन के बाद कोई वापस नही होता | 1 |
| 5. | बोधात्मक | उत्तर:- स्वतंत्र विचरण के कारण | 1 |
| | | (पाठ आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न) | |
| 6. | ज्ञानात्मक | उत्तर:- वृन्दावन का | 1 |
| 7. | बोधात्मक | उत्तर:- श्रीकृष्ण की | 1 |
| 8. | ज्ञानात्मक | उत्तर:- श्रीकृष्ण की बांसुरी के जादू से | 1 |
| 9. | बोधात्मक | उत्तर:- पक्षी प्रेमी | 1 |
| 10. | बोधात्मक | उत्तर:- (ख) केवल 2 सही है | 1 |
| | | (वर्णनात्मक प्रश्न) | |
| 11. | आलोचनात्मक | उत्तर:- सालिम अली उनके हाव-भाव को अच्छी तरह से समझते पक्षियों को उनकी नज़र से देखते थे \| वे उनके हाव-भाव को अच्छी तरह से समझते थे \| वे गहराई में जाकर अध्ययन करते थे और सच्चाई को सामने लाकर रख देते थे \| | 2 |
| 12. | ज्ञानात्मक | उत्तर:- लेखक ने अपनी एयरगन से नीलकंठवाली गौरैया को निशाना बनाया था , इसके बाद वे इतने द्रवीभूत हो गए किउन्होंने अपना पूरा जीवन पक्षियों के लिए समर्पित कर दिया \| | 2 |
| 13. | विषयवस्तु बोध | उत्तर:-वृन्दावन जाने पर यमुना का सांवला पानी कृष्ण के समय के पूरे घटना क्रम की याद दिला देता है \| | 2 |
| 14. | अवबोधात्मक | उत्तर:-सूर्योदय के पूर्व पतली संकरी गलियों में पूरे जोश से जब भीड़ निकलती है तब ऐसा लगता है कि उस भीड़ को चीर कर अचानक कृष्ण सामने आ जायेंगे और अपनी बांसुरी की धुन सेसब को सम्मोहित कर लेंगे \| | 2 |
| 15. | ज्ञानात्मक | उत्तर:-सालिम अली का मानना है कि पक्षियों को कोई मनुष्य केवल मनुष्य की नजरों से देखेगा तो वह अपने कानों से पक्षियों की आवाज़ का मधुर संगीत सुनकर अपने भीतर रोमांस का सोता फूटता हुआ महसूस नहीं कर सकता \|यह तभी संभव है जब हम पक्षियों को पक्षी की नज़र से देखे \| | 2 |

egyanarchive